‘मुख्यमंत्री बाल गोपाल योजना’ एवं ‘नि:शुल्क यूनिफॉर्म वितरण योजना’ का शुभारंभ

चर्चा में क्यों?

29 नवंबर, 2022 को राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जयपुर में मुख्यमंत्री निवास से ‘मुख्यमंत्री बाल गोपाल योजना’ एवं ‘मुख्यमंत्री नि:शुल्क यूनिफॉर्म वितरण योजना’ का शुभारंभ किया।

प्रमुख बिंदु

- इस अवसर पर अशोक गहलोत ने मुख्यमंत्री बाल गोपाल योजना तथा नि:शुल्क यूनिफॉर्म वितरण योजना के लोगो का अनावरण किया तथा राज्य के शिक्षा में बढ़ते कदम के तृतीय फेज के मोबाइल ऐप, दक्षता आधारित डिजिटिल रिपोर्ट कार्ड तथा महात्मा गांधी राजकीय विद्यालयों में बाल वाटिका की प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ के पोस्टर का विमोचन भी किया।
- मुख्यमंत्री बाल गोपाल योजना के तहत राज्य में मिड-डे मील कार्यक्रम से लाभान्वित राजकीय प्राथमिक, उच्च प्राथमिक विद्यालयों, मदरसों एवं विशेष प्रशिक्षण केंद्रों में अध्ययनरत् कक्षा 1 से 8 तक के बच्चों को पाउडर मिल्क से तैयार दूध मंगलवार और शुक्रवार को उपलब्ध कराया जाएगा। दूध का वितरण प्रार्थना सभा के बाद होगा। अध्यापक, अभिभावक या स्कूल मैनेजमेंट कमेटी सदस्य स्वयं दूध चखकर उसकी गुणवत्ता सुनिश्चित करेंगे। योजना पर राज्य सरकार द्वारा 44 करोड़ रुपए वहन किये जाएंगे।
- मुख्यमंत्री नि:शुल्क यूनिफॉर्म वितरण योजना के अंतर्गत राजकीय विद्यालयों में कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थियों को ड्रेस के 2 सेट के लिये कपड़ा मिलेगा। सिलाई के लिये प्रति विद्यार्थी 200 रुपए सीधे बैंक खाते में ट्रांसफर किये जाएंगे। कक्षा एक से 8 तक राजकीय विद्यालयों में करीब 67.58 लाख विद्यार्थी अध्ययनरत् हैं। योजना पर 500.10 करोड़ रुपए खर्च होंगे।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/mukhyamantri-bal-gopal-yojana-and-free-uniform-distribution-scheme